Title: Need for excavation work in Sankisa (Farrukkabad, U.P.), an archaeological site of Buddhist period.

श्री चन्द्रभूषण सिंह (फरूखाबाद): उत्तर प्रदेश के फरूखाबाद जिले में संकिसा एक स्थान है, जो कि बौद्ध धर्मावलम्बियों के दस धार्मिक स्थलों में से एक है। इतिहासकारों के अनुसार भगवान बुद्ध बरसात के मौसम में चार महीने यहां पर व्यतीत किया करते थे। इसी कारण से देश-विदेश के पर्यटक तथा बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग यहां पर भ्रमण करने आते हैं। जब मैं संकिसा के बारे में बात करता हूं तो यह कहना बहुत जरूरी हो जाता है कि आज भी संकिसा एवम् उसके आसपास के की जगहों पर लोग जब भी अपने खेतों में बुआई का कार्य करने के लिए अपने खेतों में हल चलाते हैं तो उन्हें बौद्ध सांस्कृतिक मूर्तियां, बर्तन, सिक्के आदि मिलते हैं। इसलिए मैं सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि संकिसा में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा खुदाई का कार्य अतिशीघ्र शुरू किया जाए, जिससे कि यहां पर बौद्ध धर्म की संस्कृति के बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सके।

&nbs